# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## विद्या परिषद की बैठक दिनांक 11/02/2023 का कार्यवृत
## (समय 11:00 बजे)

दिनांक 11.02.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की सम्पन्न बैठक में निम्नांकित सदस्य ऑफलाइन/ऑनलाइन उपस्थित रहे:–

| क्रम | सर्वश्री | उपस्थिति |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति/अध्यक्ष–विद्या परिषद, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 2. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, प्रति कुलपति, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 3. | प्रो0 देवव्रत गोस्वामी, रसायन विज्ञान विभाग, आई.आई.टी., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 4. | प्रो0 एम. के. दत्ता, ए.के.टी.यू., लखनऊ। | ऑनलाइन |
| 5. | प्रो0. सीमा परोहा, एन.एस.आई., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 6. | प्रो0. मौलेंदु मिश्रा, क्रिश्चियन कॉलेज, लखनऊ। | ऑफलाइन |
| 7. | प्रो0 हिमांशु शेखर झा, शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। | ऑफलाइन |
| 8. | प्रो0. संजय कुमार स्वर्णकार, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 9. | प्रो0 सुधांशु पांडिया, निदेशक/आचार्य, एस.बी.एम., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 10. | प्रो0 आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 11. | प्रो0 नन्द लाल, आचार्य, जीवन विज्ञान एवं जैव–प्रौद्योगिकी विभाग,सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 12. | प्रो0 संदीप कुमार सिंह, जीवन पर्यन्त शिक्षा एवं प्रसार विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 13. | प्रो0 अंशू यादव, आचार्या, आई.बी.एम. विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 14. | प्रो0 वर्षा गुप्ता, आचार्या, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 15. | प्रो0 रोली शर्मा, आचार्या, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 16. | प्रो0 राबिन्स पोरवाल, यू.आई.ई.टी., सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 17. | प्रो0 (श्रीमती) शिप्रा वी. श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 18. | डॉ0 शिल्पा कायस्थ, जीवन विज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर। | ऑफलाइन |
| 19. | डॉ0 शशिकांत त्रिपाठी, निदेशक,अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 20. | डॉ0 रश्मि गोरे, विभागाध्यक्ष, शिक्षा/शिक्षा प्रशिक्षण विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 21. | डॉ0 आशीष कुमार दुबे, प्रभारी–शारीरिक शिक्षा विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 22. | श्री शिवांशु सचान, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेण्ट विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर। | ऑफलाइन |
| 23. | डॉ0 राजकुमार सिंह, स्कूल ऑफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 24. | डॉ0 प्रशांत, जीवन पर्यन्त शिक्षा एवं प्रसार विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 25. | डॉ0 योगेंद्र कुमार पाण्डेय, जे.एम.सी. विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 26. | डॉ0 नियति पाधी, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 27. | डॉ0 दिग्विजय शर्मा, निदेशक–स्कूल ऑफ हेल्थ साइन्सेज विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर। | ऑफलाइन |



11.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 28. | डॉ0 निशा शर्मा, निदेशक–स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइन्सेज विभाग,सी.एस.जे.एम.वि.वि.कानपुर। | ऑनलाइन |
| 29. | डॉ0 सोनी गुप्ता, स्कूल ऑफ एडवान्स एग्रीकल्चर साइन्सेज एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 30. | डॉ0 बृष्टि मित्रा, निदेशक–यू0आई0ई0टी0, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 31. | डॉ0 अंजू दीक्षित, स्कूल ऑफ बेसिक साइन्सेज विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 32. | डॉ0 बी.डी. पाण्डेय, पी.पी.एन. पी.जी. कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 33. | डॉ0 सुग्रीव के. मौर्य, जनता डिग्री कॉलेज, अजीतमल औरैया। | ऑनलाइन |
| 34. | डॉ0 स्वाति सक्सेना, शिक्षाशास्त्र विभाग, डी0जी0 कालेज, सिविल लाइन, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 35. | डॉ जय प्रकाश यादव, भूगोल विभाग, डी0ए0वी0 कालेज, सिविल लाइन, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 36. | डॉ0 आर0पी0 सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 37. | डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा, संस्कृत विभाग, डी0ए0वी0 कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 38. | डॉ0 निशि प्रकाश सक्सेना, समाजशास्त्र विभाग, एस0एन0 सेन पी0जी0 कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 39. | डॉ0 खान अहमद फारूक, उर्दू विभाग, हलीम मुस्लिम पी0जी0, कालेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 40. | डॉ0 निधि नागर सक्सेना, सांख्यिकी विभाग, डी0ए0वी0 कालेज, सिविल लाइन, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 41. | डॉ0 अतुल कुमार मिश्रा, जन्तु विज्ञान विभाग, डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 42. | प्रो0 नलिन कुमार सिंह, प्राचार्य, श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय,रूरी, उन्नाव। | ऑनलाइन |
| 43. | प्रो0 जोसेफ डेनियल, प्राचार्य, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर। | ऑफलाइन |
| 44. | प्रो0 अशोक कुमार तिवारी, प्राचार्य, वी.एस.एस.डी. कॉलेज, कानपुर। | ऑनलाइन |
| 45. | प्रो0 आर, के, त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता डिग्री कॉलेज, बकेवर। | |
| 46. | डॉ. शुभम शिवा, ड्राइंग एंड पेंटिंग विभाग, डी.जी. कॉलेज कानपुर। | ऑफलाइन |
| 47. | डॉ. नीरज कुमार सिंह, एस.बी.एम, सीएसजेएमयू, कानपुर | ऑफलाइन |
| 48. | श्री अशोक कुमार त्रिपाठी, वित्त अधिकारी, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑनलाइन |
| 49. | डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 50. | श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा, लेखाधिकारी, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |
| 51. | डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलसचिव / सचिव–विद्या परिषद, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | ऑफलाइन |

सचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरम्भ की। बैठक में विस्तृत विचारोपरान्त निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

## मद सं. 2023.1.1

**विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 29.08.2022 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा विस्तृत विचारोपरान्त विगत दिनांक 29.08.2022 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गई।*



11.02.2023

मद.सं. 2023.1.2

विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 29.08.2022 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।

निर्णय :–

*विद्या परिषद की बैठक दिनांक 29.08.2022 में लिये गये निर्णयानुसार कृत कार्यवाही से विद्या परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया तथा विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 से पीएच0 डी0 स्तर पर नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार संशोधित पाठ्यक्रमों को लागू किये जाने की कार्यवाही को संसूचित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.3

**विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित M.Sc. Electronics पाठ्यक्रम की नई शिक्षा नीति–2020 के अनुरुप पाठ्यक्रम पुनर्सरचना हेतु आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक दिनांक 12.10.2022 में लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर अनुमोदन।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*प्रो0 मुलेन्दू मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुये M.Sc. Electronics एवं M.Sc. Physics ki equivalence (समानता) स्थापित कर दी जाये। इसके साथ ही ये निर्णय लिया गया की प्रति कुलपति महोदय, संकायाध्यक्ष अकादमिक, सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विषय के संयोजकों की एक समिति गठित कर विश्वविद्यालय में संचालित सभी पाठ्यक्रमों की एकरुपता को जाये।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.4

**विश्वविद्यालय में संचालित विषय विधि (Law) के पीएच0डी0 स्तर पर नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार संशोधित पाठ्यक्रम लागू करने हेतु दिनांक 26.08.2022 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक द्वारा लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर अनुमोदन।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*



11.02.2023

मद.सं. 2023.1.5

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित **UIET** के अंतर्गत **B. Tech. 2nd year** के समस्त ब्रान्चों के समस्त छात्रों हेतु **compulsory paper "*Universal Human Values* (UHVS201)"**, एंव **3rd year (6th sem)** में **"*Understanding human being, nature and existence comprehensively*"** और **4th year (7th /8th sem)** में **"*Vision for human society*"** नवीन पाठ्यक्रमों को वैकल्पिक पेपर के रूप में आरंभ करने हेतु दिनांक 12.01.2023 को आयोजित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर अनुमोदन।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

**मद सं0 2023.1.6**

**नई शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत परास्नातक स्तर पर विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में वर्तमान में संचालित संकायानुसार विभिन्न विषयों के Paper codes के अनुमोदन पर विद्या परिषद द्वारा विचार।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा NEP-2020 के अनुरुप विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संकायानुसार विभिन्न विषयों के सभी Paper codes को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

**मद.सं. 2023.1.7**

**विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत परास्नातक स्तर पर अन्य संकाय के छात्रों द्वारा पहले वर्ष में माइनर वैकल्पिक पेपर के रूप में चुनाव हेतु (विभिन्न विषयों मे) घोषित वैकल्पिक/ऐच्छिक पेपर (elective papers) के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा अकादमिक सत्र 2022–23 से विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में NEP-2020 के अनुरुप माइनर वैकल्पिक पेपर के रूप में परास्नातक स्तर पर अन्य संकाय के छात्रों द्वारा पहले वर्ष में चुनाव हेतु (विभिन्न विषयों मे) घोषित वैकल्पिक पेपर (elective papers) को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

11.02.2023

मद.सं. 2023.1.8

नई शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत संस्कृत विषय में परास्नातक स्तर पर अन्य संकाय के छात्रों द्वारा पहले वर्ष **(2nd sem)** में माइनर वैकल्पिक पेपर **(elective paper)** के रूप में प्रस्तावित 'वैदिक संस्कृति एवं पर्यावरण' ***(Vedic Sanskriti evam paryavaran, A020808T)'*** नवीन पाठ्यक्रम आरम्भ करने हेतु आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा अकादमिक सत्र 2022–23 से उपरोक्त माइनर वैकल्पिक पेपर के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।*

*साथ ही अध्यक्ष महोदय ने विश्वविद्यालय में वर्तमान शिक्षा प्रणाली के अनुसार संस्कृत विषय में व्यावहारिक पाठ्यक्रम आरम्भ करने के लिए सुझाव दिया, जिस पर विद्यापरिषद के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुये माननीय प्रति–कुलपति जी की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया जिसमें सदस्य के रूप में संस्कृत विषय के संयोजक, डॉ रत्नऋतुः मिश्रा, डॉ अंशु सिंह, डॉ प्रशान्त, डॉ वर्षा गुप्ता, डॉ बृष्टि मित्रा को नामित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.9

स्कूल ऑफ हेल्थ साइन्सेज के अन्तर्गत संचालित बी.एस.सी. इन रेडियोलॉजिकल एवं इमैजिंग टेक्नीक पाठ्यक्रम में 6 माह की इण्टर्नशिप को 01 वर्ष करने तथा पाठ्यक्रम का नाम **Bachelor in Medical Radiologic & Imaging Technology** किये जाने हेतु दिनांक 11.10.2022 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.10

स्कूल ऑफ हेल्थ साइन्सेज के अन्तर्गत संचालित एम०पी०टी० Neurology एवं एम०पी०टी० Cardiology की वर्तमान 05 – 05 सीटों को संयुक्त रूप में कुल मिलाकर 10 सीट्स किये जाने हेतु दिनांक 30.08.2022 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

11-02-2023

**मद.सं. 2023.1.11**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2021–22 से एक त्रिवर्षीय स्नातकस्तरीय पाठ्यक्रम **(Bachelor of Physical Education and Sports)**, दो पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा **(Postgraduate Diploma in Yoga** तथा **Postgraduate Diploma in Health and Fitness Management)**, एवं तीन छः साप्ताहिक शॉर्ट टर्म सर्टीफिकेट कोर्स **(Certificate course in Yoga, Certificate course in Lifeguard (swimming pool)** तथा **Certificate course in Gym personal trainer)** लागू करने हेतु दिनांक 22.06.2021 को आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

**मद.सं. 2023.1.12**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित **School of Advanced Agriculture Sciences & Technology** के अन्तर्गत **M.Sc. Agronomy** एवं **M.Sc. Horticulture [M.Sc. Horticulture** की तीन शाखाओं **(Pomology, Vegetable Science** एवं **Fluoriculture & Landscaping)] 15+15** सीटों के साथ आरम्भ किये जाने हेतु विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अकादमिक सत्र 2022–23 से* ***उपरोक्त पाठ्यक्रमों को Review किये जाने,*** M.Sc. Agronomy में *30 सीट तथा* M.Sc. Horticulture में *30 सीट किये जाने तथा Specialization में Pomology के स्थान पर Fruit Science किये जाने एवं M.Sc. Ag की शैक्षिक अर्हता B.Sc. Agriculture के साथ B.Sc. Botany किये जाने हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – प्रभारी–स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीक0 साइंसेज एण्ड टेक्नोलॉजी )*

**मद.सं. 2023.1.13**

विश्वविद्यालय परिसर में **Department of Journalism and Mass Communication** के अन्तर्गत संचालित नवीन पाठ्यक्रमों **Certificate in Social Media and Certificate in TV Journalism** के अध्यादेश पारित करने हेतु दिनांक 12.05.2022 को आयोजित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों की संस्तुति हेतु विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदन पर विचार।

11.02.2023

निर्णय :—

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त अध्यादेश को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.14

विश्वविद्यालय परिसर में 31.01.2023 को माननीय प्रति कुलपति जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक द्वारा लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर विचार :-

1. दीनदयाल शोध केन्द्र के अन्तर्गत एक ' **Indian Language, Culture and Arts Cell** ' की स्थापना।
2. इण्टरनेशनल रिलेशनशिप एण्ड एकेडेमिक को–आपरेशन प्रकोष्ठ की स्थापना।
3. अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों हेतु 10% सीटों का आरक्षण।

निर्णय :—

*अध्यक्ष महोदय के सुझावोपरान्त विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से दीनदयाल शोध केन्द्र के अन्तर्गत एक 'Indian Language, Culture and Arts Cell' की स्थापना को इसके लक्ष्य एवं उद्‌देष्य को परिभाषित करते हुए अनुमोदन प्रदान किया। इसके साथ ही इण्टरनेषनल रिलेषनषिप एण्ड एकेडेमिक कोआपरेषन प्रकोष्ठ को विश्वविद्यालय परिसर स्थित SBI शाखा के समीप स्थापित करने का सुझाव दिया गया। विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों हेतु विभिन्न पाठ्‌यक्रमों मे 10 प्रतिषत सीटों के आरक्षण को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

*अपेक्षित कार्यवाही–निदेशक–दीनदयाल शोध केन्द्र/सम्पत्ति अधिकारी/संकायाध्यक्ष–अकादमिक*

मद.सं. 2023.1.15

नई शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत समस्त पाठ्‌यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की प्रथम यूनिट में भारतीय ज्ञान परम्परा (**Indian Knowledge System**) एवं भारतीयों के योगदान को समाहित करने की संस्तुति पर अनुमोदन।

निर्णय :—

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया, साथ ही माननीय कुलपति जी ने अधिष्ठाता अकादमिक से उपरोक्त प्रस्ताव को क्रियान्वित किये जाने हेतु सभी विषय के संयोजको को निर्देषित करने को कहा।*

*इसके साथ ही Indian Knowledge System से संबधित, वर्तमान में संचालित MOOC Courses को विश्वविद्यालय में लागू करने का भी सुझाव दिया, जिस पर विद्यापरिषद द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*



11.02.2023

मद.सं. 2023.1.16

विश्वविद्यालय परिसर के **School of Life Sciences & Biotechnology** के अन्तर्गत निम्न बिन्दुओं के अनुमोदन हेतु विद्या परिषद द्वारा विचार।

1. **M.Sc. 4th semester (Non-NEP)** कक्षाओं एवं परीक्षाओं को **online** संचालित करने की संस्तुति पर विचार।
2. **B.Sc. (Hons.) Biotechnology** के प्रस्तावित पाठ्यक्रम की क्रेडिट व्यवस्था संशोधन हेतु दिनांक 09.02.2023 को आयोजित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर विचार।
3. स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों हेतु इण्टर्नशिप के साथ ऑनलाइन कक्षाओं के प्रावधान की संस्तुति पर विचार।
4. विभागीय कार्यों के सुचारु संचालन हेतु आन्तरिक समितियों के गठन की संस्तुति पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद को बी0एस0सी0 बायोटेक्नालॉजी पाठ्यक्रम U.G.C. की क्रेडिट व्यवस्था के अनुसार संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में संसूचित किया गया। विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही –निदेशक–लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नालॉजी/संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2023.1.17

**विश्वविद्यालय परिसर में अकादमिक सत्र 2021–22 में तीन सर्वोत्कृष्ट शोधपत्रों को (विश्वविद्यालय की सम्बद्धता सहित) प्रकाशित करने वाले शिक्षकों अथवा शोधछात्रों (as first author) को सर्वोत्कृष्ट प्रपत्र पुरस्कार के रूप में सम्मानित करने के निर्णय का विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों* दोनो में संकायानुसार सर्वोत्कृष्ट शोध प्रपत्र पुरस्कार चयन हेतु प्रति–कुलपति जी की अध्यक्षता में विभिन्न विषय के विशेषज्ञों की एक निर्णायक मण्डल *का गठन करने का निर्णय लिया गया। विद्या परिषद द्वारा सत्र 2023–24 से* Best Paper/ Researcher Award *प्रदान करने हेतु* ***15 लाख रूपये*** *दिये जाने की सहमति प्रदान करते हुये वित्त समिति को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। यह पुरस्कार वितरण विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष वितरित किये जाने के निर्णय को विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष शोध एवं विकास)*



11.02.2023

**मद.सं. 2023.1.18**

विश्वविद्यालय में स्थापित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ **(R&D Cell)** द्वारा शोध कार्य के विनिमयन हेतु पीएच0डी0 अध्यादेश एवं कोर्सवर्क संबंधी संशोधनों के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही निम्न बिन्दुओं पर सम्यक् विचारोपरान्त निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लिये गये –*

- *अँग्रेजी एवं भारतीय भाषाओं में लिखित शोधग्रन्थों की जाँच हेतु एण्टी प्लैगरिज्म पॉलिसी के निर्माण हेतु समिति गठित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस पालिसी का क्रियान्वयन कुलपति महोदय के अनुमोदन के पश्चात् किया जायेगा।*
- *प्री पी0एचडी0 कोर्स वर्क में अनुत्तीर्ण होने वाले शोधछात्रों को पूर्ववर्ष की भाँति रु0 10,000/– के शुल्क के साथ अगले सत्र में बैक पेपर अथवा भूतपूर्व छात्र के रूप में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी।*
- *पोस्ट डाक्टोरल रिसर्च पालिसी बनाने हेतु तथा* विश्वविद्यालय में *Emeritus Professor / Director / Scientist की नियुक्ति U.G.C. नियमावली के अनुसार किये जाने हेतु समिति के गठन तथा क्रियान्वयन के लिये विद्यापरिषद द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष शोध एवं विकास)*

**मद.सं. 2023.1.19**

**प्राचार्य/अधिष्ठाता, जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज कानपुर के प्रेषित पत्र संख्या 4702/एन0एम0सी0/छ0लि0–02/परीक्षा/2022 दिनांक 02.09.2022 द्वारा एम0सी0आई0, नई दिल्ली के नवीनतम मानक (स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिये विनियमावली–2019) का विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।*

**मद.सं. 2023.1.20**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पुस्तकालय विज्ञान विभाग में "पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान" विषय हेतु पीएच0डी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत शोधनिर्देशकों **(Ph.D. supervisor)** के रूप में



11.02.2023

पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 श्वेता पाण्डे, सह पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रवि शुक्ला के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष* शोध एवं विकास *)*

**मद.सं. 2023.1.21**

**विश्वविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा अकादमिक ऑडिट रिपोर्ट (2020–21 एवं 2021–22) का सारांश विद्या परिषद को संसूचनार्थ प्रस्तुत।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद विश्वविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा प्रस्तुत अकादमिक ऑडिट रिपोर्ट (2020–21 एवं 2021–22) के सारांश से संसूचित हुई।*

**मद.सं. 2023.1.22**

**विश्वविद्यालय में इन्टर्नशिप व्यवस्था के अन्तर्गत शोध एवं विकास प्रकोष्ठ (R&D Cell) तथा अन्य विभागों में इन्टर्न्स के पदों पर Rs 8000/- प्रति माह पर 6 माह के लिये इन्टर्नस की नियुक्ति के संबंध में विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में लागू इन्टर्नषिप पॉलिसी के अनुसार ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में इन्टर्नशिप व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – प्रभारी–इन्टर्न्सशिप)*

**मद.सं. 2022.2.23**

**विश्वविद्यालय में सीजेएमयू इन्नोवेशन फाउण्डेशन के अन्तर्गत स्टूडेण्ट इन्टर्नशिप प्रकोष्ठ (Student Internship Cell) की स्थापना एवं नीति के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्टूडेण्ट इन्टर्नशिप प्रकोष्ठ (Student Internship Cell) की स्थापना एवं नीति को अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

11.02.2023

मद.सं. 2022.2.24

अन्य बिन्दु माननीय कुलपति जी की अनुमति सेः—

मद.सं. 2022.2.24.1

विगत दो वर्षो से छात्र संख्या में कमी के कारण विश्वविद्यालय परिसर के आई0टी0 विभाग में संचालित *PG Diploma in Data Science and Machine Learning* पाठ्यक्रम को समाप्त किये जाने पर विचार।

निर्णय :—

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2022.2.24.2

विश्वविद्यालय के **Department of Electronics and Communication, U.I.E.T.** के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम **"Diploma in Electrical Engineering"** का नाम प्रोफेशनल्स (संध्याकालीन कक्षाओं के निमित्त) हेतु **"Diploma in Electrical Engineering (Evening)"** किये जाने के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :—

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – निदेशक–यू0आई0ई0टी0/संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2022.2.24.3

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित ***School of Advanced Agriculture Sciences & Technology*** के अन्तर्गत आरम्भ होने वाले पाठ्यक्रमों ***M.Sc. Ag. Horticulture*** तथा ***M.Sc. Ag. Agronomy*** के **Fee-structure** के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :—

*विद्या परिषद द्वारा M.Sc. Ag. Horticulture तथा M.Sc. Ag. Agronomy के Fee- Structure को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – प्रभारी–स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीक0 साइंस/ वित्त अधिकारी)*



11.02.2023

मद.स. 2022.2.24.4

**विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम के विलम्बित चल रहे सत्र को नियमित किये जाने पर विचार।**

निर्णय :–

*एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम में विलम्बित चल रहे सत्र को नियमित किए जाने के उद्देश्य से समयानुसार प्रवेष–प्रक्रिया आरम्भ करने हेतु बी0सी0आई0 के अनुमोदन की प्रत्याशा में विष्वविद्यालय में प्रवेष–प्रक्रिया आरम्भ करने के प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष–विधि/कुलसचिव/निदेशक–विधिक संस्थान)*

**मद.सं. 2022.2.24.5**

**विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों की राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति (सम्बद्ध अधिकारी द्वारा अनुमोदन के पश्चात) किये जाने के प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय :–**

*विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुये* राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सदस्यता शुल्क *के reimbursement* हेतु प्रतिपूर्ति नीति *(Reimbursement Policy) निर्माण हेतु अधिष्ठाता (*शोध एवं *विकास ) को निर्देशित किया गया।* Policy *के साथ आगामी बैठक से नियमित रखा जाए।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष* शोध एवं विकास*)*

**मद.सं. 2022.2.24.6**

**सीएसजेएम इनोवेशन फाउण्डेशन द्वारा विभिन्न कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के संचालन के अनुमोदन पर विचार।**

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

**निर्णय :–**

*विद्या परिषद द्वारा सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन (सीएसजेएम यूनिवर्सिटी, कानपुर द्वारा प्रवर्तित धारा 8 कंपनी), सीआईएन नंबर U85300UPNPL163141, को प्रायोजित कौशल निर्माण, क्षमता निर्माण, कौशल आधारित और व्यवसाय पाठ्यक्रमों को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संचालित किए जाने हेतु आधिकारिक भागीदार के रूप में अनुमोदित किया गया ।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – सी.ई.ओ.–सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन) /कुलसचिव*



11.02.2023

मद.सं. 2022.2.24.7

इण्टरप्रेन्योरशिप, स्टार्ट अप एण्ड इन्नोवेशन प्रमोशन पालिसी–2023 (पुनरीक्षित) के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उद्यमिता, स्टार्ट अप एवं नवाचार प्रोत्साहन नीति–2023 (संशोधित छात्र स्टार्ट अप एवं संशोधित फैकल्टी स्टार्ट अप नीति) को स्वीकृति प्रदान की गई।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष–इनोवेशन/ इण्टरप्रेन्योरशिप/स्टार्ट अप)*

मद.सं. 2022.2.24.8

पी0एचडी0 का 5 प्वाइण्ट नियमन प्रमाणपत्र **UGC** नियमानुसार डीन रिसर्च तथा डीन एकेडेमिक द्वारा निर्गत किये जाने हेतु विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2022.2.24.9

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित **School of Creative and Performing Arts** के अंतर्गत **B.F.A.** तथा **M.F.A.** पाठ्यक्रम की क्रेडिट व्यवस्था पुनर्सरचना हेतु दिनांक 10.02.2023 को आयोजित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों की संस्तुति पर अनुमोदन।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2022.2.24.10

विश्वविद्यालय के स्थायी शिक्षक जो तीन या अधिक वर्षो के लिये **deputation** पर किसी अन्यत्र विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में कार्यरत है, उन्हें **research scholar** दिये जाने पर विचार।



11.02.2023

**निर्णय :–**

*विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि ऐसे शोध पर्यवेक्षक जो स्थायी शिक्षक होने पर भी वर्तमान में सीएसजेएमयू या सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत नहीं हैं, उनको आवण्टित शोधार्थी यथावत् बने रहेंगे तथा भविष्य में नियुक्त होने वाले शोध पर्यवेक्षकों पर यूजीसी आर्डीनेन्स 2022, अकादमिक सत्र 2023 से प्रभावी होगा।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

**मद.सं. 2022.2.24.11**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 तथा पीएचडी0 कोर्स वर्क पाठ्यक्रम, विनियम और पाठ्यक्रम संरचना में संशोधन/पुनरीक्षण हेतु आयोजित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों की संस्तुति के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–**

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

**मद.सं. 2022.2.24.12**

विश्वविद्यालय में स्थापित इनोवशन व इन्क्यूबेशन/इन्टरप्रिन्योरशिप/स्टार्टअप की समस्त गतिविधियों के सुचारु रूप से संचालन एवं प्रभावी नियन्त्रण हेतु डॉ0 शिल्पा देशपाण्डे कायस्थ, एसोसिएट प्रोफेसर को डीन–(इन्क्यूबेशन/इन्टरप्रिन्योरशिप/स्टार्टअप) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :–**

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

11.02.2023

मद.सं. 2022.2.24.13

विश्वविद्यालय परिसर में *School of Advanced Agriculture Sciences & Technology* के अंतर्गत संचालित *B.Sc. Agriculture Ist year* हेतु PO, PSO तथा COs के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

मद.सं. 2022.2.24.14

डॉ0 शुभम शिवा, विभागाध्यक्षा, चित्रकला विभाग, डी0जी0 पी0जी0 कॉलेज, कानपुर की विश्वविद्यालय परिसर के अन्तर्गत संचालित स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में अग्रिम आदेशों तक नियुक्ति के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

मद.सं. 2022.2.24.15

डॉ0 दिलीप कुमार सरदेसाई पूर्व प्राचार्य, वी0एसए0एस0डी0 कॉलेज, कानपुर द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार पत्नी स्व0 दीपशिखा सरदेसाई की स्मृति में विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष दीक्षान्त समारोह में एम0एड0 (मास्टर ऑफ एजूकेशन) परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की कार्यवाही पर विचार।

निर्णय :–

*विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त कार्यवाही हेतु रू0 2.00 लाख की धनराशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

*(अपेक्षित कार्यवाही – संकायाध्यक्ष अकादमिक)*

*अन्त में कुलसचिव जी द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुयी।*

11.02.2023

डॉ0 (अनिल कुमार यादव)
सचिव/कुलसचिव

प्रो0 (विनय कुमार पाठक)
अध्यक्ष/कुलपति